डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2023 / 1981 दिनांकः 16 अगस्त, 2023

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान,

महोदय,

कृपया एडवाइजर–1 पालिसी एण्ड एकेडमिक प्लानिंग, ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली के पत्र संख्याः AICTE/P&AP-Misc-Udyamitadiwas/2023 दिनांक 09.06.2023 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के पत्र के माध्यम से **दिनांक 21.08.2023 को "विश्व उद्यमिता दिवस"** मनाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः अनुरोध है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 09.08.2023 में की गयी अपेक्षानुसार **दिनांक 21.08.2023 को "विश्व उद्यमिता दिवस"** मनाये जाने के संबंध में यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकः यथोक्त।

16/8/2023

**( डा0 राजीव कुमार )**
कुलसचिव

प्रतिलिपिः स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

**( डा0 राजीव कुमार )**
कुलसचिव

Dr. Mamta R. Agarwal,
Adviser-I
Policy & Academic Planning

Phone : 011-26131577 - 78, 80
011-29581000
Website : www.aicte-india.org

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070

ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION
(A Statutory Body of the Govt. of India)
(Ministry of Education, Govt. of India)
Nelson Mandela Marg, Vasant Kunj, New Delhi-110070

**Email- advpnap@aicte-india.org**
**Ph : 011-29581122**

F.No. AICTE/P&AP-Misc-Udyamitadiwas/2023

August 9, 2023

To

The Vice Chancellor of Technical Universities,
Director/Principal of AICTE Approved Institutions

**Subject: Celebration of Udyamita Divas (उद्यमिता दिवस), World Entrepreneurship Day on 21st August, 2023**

Respected Sir / Madam,

Swavalambi Bharat Abhiyan (SBA) and AICTE are celebrating **Udyamita Diwas** (उद्यमिता दिवस) on 21st August, 2023 as a national day of celebration on the World Entrepreneurship Day. Udyamita is a state of mind and a process by which large scale innovation, enterprise and employment can be generated. By celebrating Udyamita Diwas, our aim is to make it part of the ecosystem of each technical institution and where every technical student is aware of the possibilities of Udyamita or enterprise and large scale employment and nation building can happen through this awareness.

I am attaching a pro-forma program that can be conducted in your institution on 21st August for approx. 90 minutes in three proposed sections as per attached program and indicative activities. You can take this pro-forma program and alter it to suit your requirements. The Udyamita Diwas can be followed by other programs over the subsequent week. Please upload the photographs and posts, and press clippings of the event on SBA website link **https://udyami.mysba.co.in/** and the best three institutions will be conferred awards for their outstanding celebrations.

You may also like to upload on social media and tweet by tagging @AICTE_INDIA and @SwabalambiB with hashtag #udyamitadiwas #MySBA.

We look forward to your active participation, and thank you for conducting this program on Udyamita Diwas, as a national day of celebration.

DR(R)

With regards,

10/8/2023

Yours sincerely,

09 Aug, 23

**(Dr. Mamta Rani Agarwal)**

Encl:a/a
1. Program and indicative activities
2. Poster
3. Youtube link https://youtu.be/pf3NWnFc-aw

सूचना का अधिकार

## आह्वान

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने भारत के स्वत्व जागरण व आत्मनिर्भरता हेतु सदैव प्रयास किया है। अपने स्थापना काल से ही भारतीय युवाओं के मन में स्वावलम्बन की धारा को प्रवाहित करने में अभातशिप की महती भूमिका रही है। युवाशक्ति की सम्पदा से सर्वाधिक सम्पन्न देश होने के कारण समृद्ध व स्वावलंबी भारत निर्माण हेतु हम सब युवाओं की सहभागिता अत्यंत आवश्यक व महत्वपूर्ण है। अभातशिप देशभर के युवाओं से आह्वान करती है कि आइये-

1. हम उद्यमी व स्वरोजगारी बनें, दूसरों के भी अर्थ-सृजन में सहयोग करें।
2. हम हर हाथ को काम का संकल्प लें जिससे हर गांव व जिला स्वावलम्बी बने।
3. हम 'सर्वप्रथम देशी-मजबूरी में विदेशी' अर्थात स्थानीय व स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता से उपयोग करने का संकल्प लें।
4. हम प्राकृतिक कृषि, किसान की आय वृद्धि, लघु कुटीर उद्योगों व स्टार्टअप्स को पूर्ण प्रोत्साहन हेतु प्रयास करें।
5. हम उच्च तकनीकी में विश्वास करें, जिससे कम समय व कम खर्च में अधिक लाभ प्राप्ति हो।
6. हम वैश्विक व्यापार, पूंजी व तकनीक के आदान प्रदान का प्रयास करें जिससे भारत हित व समाज हित की नीति अनुसार भारत वैश्विक शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित हो।
7. हम पर्यावरण अर्थात जल-जंगल-जमीन जानवर व जन की रक्षा का संकल्प लें।
8. हम योग, आयुर्वेद,स्वास्थ्य, पंचगव्य व स्वच्छता को प्राथमिकता दें।
9. हम दैनिक जनजीवन में प्रासंगिक विषयों में भारतीय सिद्धांतों व दर्शन का ध्यान रखें।
10. हम स्वावलम्बन से जुड़ी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने व लाभ दिलाने का प्रयास करें।
11. हम प्रत्येक परिसरों में रोजगार सृजन केंद्रों के माध्यम से युवाओं का सहयोग करें।
12. हम प्रत्येक क्षेत्र में अपने उद्यमी खड़े करने का प्रयास करें।

**आइये, हम सब भारत को स्वावलम्बी बनाने के इस व्यापक अभियान का हिस्सा बनें**

---


**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद**
(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070


MySBA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

# स्वावलंबी भारत अभियान
# विश्व उद्यमिता दिवस

**21 अगस्त, 2023**

के अन्तर्गत

## उद्यमिता पखवाड़ा

21 अगस्त से 5 सितम्बर, 2023

**बेरोजगारी व गरीबी मुक्त**
**उद्यमिता से समृद्धि युक्त**

## स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिये

छात्रों एवं युवाओं को समर्पित अभियान

AICTE — All India Council for Technical Education — योगः कर्मसु कौशलम्

## अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

## स्वावलंबी भारत

भारत में गांव उद्योग व उत्पादन के प्रमुख केन्द्र रहे हैं। भारत सदैव आर्थिक दृष्टि से संपन्न पूर्ण रोजगार युक्त राष्ट्र रहा है। बाहरी आक्रमणकारी विशेषकर अंग्रेज अपने 200 वर्ष के शासन काल में 45 ट्रिलियन डॉलर की धन-दौलत भारत से लूट कर ले गए।

पहली शताब्दी से 15 वी शताब्दी तक भारत विश्वभर में विश्व के कुल उत्पादन का 32% उत्पादन करने वाला देश रहा है।

भारत में वर्तमान में बेरोजगारी की दर लगभग 7% तक है। स्नातक व शिक्षित युवाओं में यह दर 19 % है।

आज देश की दो-तिहाई जनसंख्या की उम्र 45 साल से कम है और इस दृष्टि से भारत युवा शक्ति की संपदा से विश्व का सबसे संपन्न देश है।15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में इसकी संख्या 37 करोड़ है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाशक्ति की क्षमताओं का उपयोग करके देश का तेजी से विकास किया जा सकता है वहीं दूसरी और बड़े स्तर पर उपयुक्त रोजगार सृजन के माध्यम से युवाओं का नियोजन हो सकता है जो कि चतुस्पंक्ति मार्ग द्वारा संभव है।

1. विकेंद्रीकरण 2. उद्यमिता व स्वरोजगार 3. स्वदेशी 4. सहकारिता

भारत में संगठित क्षेत्र की नौकरियां सरकारी अर्ध सरकारी व प्राइवेट मिलाकर केवल 6-7% है जबकि दिहाड़ी ठेके पर एवं अन्य तदर्थ नौकरियां मिलाकर के 20-21% तक ही होती है लगभग 80% लोगों के लिए स्वरोजगार अथवा उद्यमिता ही मार्ग है जिसे कौशल विकास, सहकारिता एवं विकेंद्रीकरण के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

आज भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है जहां देश का युवा भी अपना व्यवसाय खोलने का सपना देखता है एवं उसे पूरा हो सकने में सहयोगी तंत्र की उपस्थिति से उत्साहित है।

आज भारत के स्टार्टअप मेक इन इंडिया के अंतर्गत पूरे विश्व के लिए निर्माण कर रहे हैं।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के उद्यमिता पखवाड़ा का उद्देश्य सहकारिता स्वरोजगार एवं स्वावलम्बन की प्राप्ति करना है जिसमें आमजनमानस विशेषकर युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत संभावित कार्यक्रमः

1. उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन।
2. प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों का सम्मान एवं छात्रों के साथ उनका संवाद।
3. रोल मॉडल उद्यमियों द्वारा छात्रों के लिए प्रेरक सत्र।
4. शासकीय अधिकारियों तथा बैंक प्रबंधक, जिला उद्योग अधिकारी, जिला रोजगार केंद्र अधिकारियों द्वारा छात्रों का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन।
5. सफल उद्यमियों के जीवन वृत्त का प्रदर्शन एवं उनके स्वयं के द्वारा अपनी सफल कहानी कहना।
6. उद्यमिता विकास हेतु समाज का व्यापक सहयोग प्राप्त करने की दृष्टि से जन जागरण द्वारा उचित वातावरण निर्माण।
7. कृषि स्वावलंबन एवं उद्यमिता के क्षेत्र से अर्थ एवं रोजगार सृजन हेतु उल्लेखनीय योगदान देने के लिए चयनित व्यक्तियों का सम्मान पत्र द्वारा अलंकरण।
8. उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला।
9. महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, आयुर्वेदिक, फार्मा मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, कृषि महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं रोजगार केंद्र उद्योग केंद्र अटल इनक्यूबेशन केंद्र आदि को अभियान से जोड़ना।

**mysba.co.in**
**देखें व वहां डिजिटल वालंटियर पंजीकृत कर सकते हैं...**

**राष्ट्रोत्थान हेतु सबका आह्वान,**
**स्वावलंबी हो भारत महान**